प्रपत्र–2.2

**PART–III**

(सम्बन्धित वन संरक्षक द्वारा भरा जाना)

## Proposal No.FP/UK/ROAD/38363/2019

परियोजना का नाम– जनपद चमोली में पी0एम0जी0एस0वाई0 फेज– XVII के अन्तर्गत थराली देवाल मुन्दोली (T01) किमी0 17 से ताजपुर लग्गा काण्डई लिंक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 2.933 हे0 सिविल/वन पचांयत वन भूमि का ग्राम्य विकास विभाग को हस्तान्तरण प्रस्ताव। लम्बाई– 5.00 किमी0

| | | |
|---|---|---|
| 1. | स्थल जहॉं की वन भूमि शामिल की गई है। क्या इसका सम्बन्धित वन संरक्षक ने निरीक्षण किया है? (हॉं/नहीं) यदि हॉं तो निरीक्षण की तारीख और किए गये प्रेक्षणों को निरीक्षण नोट के रूप में संलग्न करें। | हॉं। दिनॉक 02.08.2019 को आर0ई0एस0, पी0एम0जी0एस0वाई0 के ए0ई0 श्री नीरज काण्डपाल एवं जे0ई0 श्री प्रदीप सिंह पंवार, वन क्षेत्राधिकारी, पूर्वी पिण्डर रेंज देवाल व अधीनस्थ स्टाफ के साथ निर्माण किये जाने वाले मोटर मार्ग के समरेखण में स्थित वृक्षों का निरीक्षण किया गया। सड़क ल्वाणी गॉव से पहले प्रारम्भ होकर गॉव के ठीक ऊपर घने बॉज के वन में 05 किमी0 लम्बाई एवं 07 मीटर चौड़ाई में प्रस्तावित की गयी है, जिसमें मिट्टी हयूमस आदि की भूमि का अधिक ढाल होने के कारण मार्ग निर्माण से ल्वाणी गॉव को क्षति होने की पूरी सम्भावना है। ग्रामवासियों द्वारा भी इस समरेखण पर आपत्ति की गयी। इस सड़क का निर्माण पूर्व में किये गये सर्वे जिसमें चीड वन एवं बॉज के कम वृक्ष तथा सख्त पहाड़ होने के कारण वन एवं पर्यावरणीय हित में होगा। प्रस्तावित मार्ग के अन्य वैकल्पिक सर्वेक्षण के बारे में पूछे जाने पर उपस्थित स्टाफ द्वारा कोई उत्तर नहीं दिया जा सका जिससे पुराने सर्वेक्षण के साथ परीक्षण करना आवश्यक है। मोटर मार्ग का नाम ताजपुर लग्गा काण्डई अभिलिखित है, परन्तु यह मार्ग काण्डई से लगभग 6 किमी0 दूर ल्वाणी गॉव के पास से प्रस्तावित किया गया है। ग्रामवासियों द्वारा यह भी बताया गया कि काण्डई से ताजपुर को जोड़ने वाली सड़क को मात्र 02 किमी0 बढ़ाकर भी सम्बन्धित बसासतो को जोड़ा जा सकता है। प्रस्तावित पंहुच स्थल भी निर्धारित से भिन्न स्थल पर है। प्रस्तावक विभाग को 10 दिन में वैकल्पिक सर्वे की स्थिति स्पष्ट करने हेतु निर्देश दिये गये थे, किन्तु प्रस्तावक विभाग द्वारा अभी तक कृत कार्यवाही से अवगत नही कराया गया है।<br>(शिकायत की छायाप्रति संलग्न है) |
| 2. | क्या सम्बन्धित वन संरक्षक भाग–ख में दी गई सूचना और उप वन संरक्षक के सुझावों से सहमत है? | पृच्छा के समाधान एवं आपत्ति निस्तारण के बाद ही विचारणीय होगा। |
| 3. | प्रस्ताव की स्वीकृति या अन्यथा के बारे में सम्बन्धित वन संरक्षक की विस्तृत कारणों के साथ विशेष सिफारिशें। | प्रस्तावित क्षेत्र दैवीय आपदा हेतु अत्यन्त संवेदनशील क्षेत्र है परन्तु समस्त ग्रामों/तोकों के मोटर मार्ग से जोडने की आवश्यकता के कारण वन क्षेत्रों में न्यूनतम मार्ग निर्माण कर समुचित सुरक्षा उपायो के साथ ही संस्तुति दी जा सकती है। |

दिनांक 22.8.2019

स्थान पौड़ी

हस्ताक्षर (signature)

नाम (वन संरक्षक, गढ़वाल वृत्त उत्तराखण्ड पौड़ी)

सेवा में,                                                                                    दिनॉक 17,01,2019

श्रीमान जिलाधिकारी महोदय
जनपद चमोली (गोपेश्वर)

विषय  विकासखण्ड देवाल के ग्राम पंचायत ल्वाणी के ल्वाणी–इजरपाठ मोटर मार्ग की गलत सर्वे होने के संबध में प्रार्थना पत्र।

महोदय

सविनय निवेदन है कि वर्षो से हम ग्रामवासीयों की ल्वाणी से इजरपाठ मोटरमार्ग की मॉग रही है जिसके फलस्वरूप शासन प्रशासन ने ग्रामीण की मॉग को देखते हुये आर डब्लू डी के माध्यम से वर्ष 2018 में प्रारम्भिक सर्वे किया था चुकि मोटर मार्ग की लम्बाई 5 किमी लगभग होने के कारण वर्तमान में पीएमजीएसवाई के द्वारा वर्तमान में पुनः इसकी सर्वे की गयी। लेकिन वर्तमान सर्वे से निम्न समस्यायें हो रही है।

1 जहॉ से सर्वे प्रारम्भ किया गया वह स्थल भूस्खलन  प्रभावित क्षेत्र है वर्ष 2018 में वर्षाकाल के दौरान देवाल मुन्दोली मोटर मार्ग यहॉ पर धसाव के कारण अवरूध रहा।

2 वर्तमान सर्वे के दौरान प्राथमिक विघालय ल्वाणी के आगे एव पीछे मोटर मार्ग की सर्वे की गयी जिससे विद्यालय एव आर्दश पचायत भवन बनठाग को काफी खतरा है सडक निर्माण से ग्रामीणो की निर्मित परिसम्पतियो को नुकसान होने की पूर्ण संभावना है।

3 वर्तमान सर्वे मे विभागीय मानको को देखते हुये कवाडाल गधेरे मे डम्पिग जोन बनाया जा रहा है जिससे भविष्य में गधेरे से मलबा ल्वाणी बाजार मे आने की संभावना है।

कुशाल सिंह
लीला देवी
श्रीमती कमला बिष्ट
कालम सिंह
प्रदीप सिंह
सरुदेवी
अनीता देवी
गीता देवी
तारा देवी
पूर्व उपप्रधान ग्राम सभा ल्वाणी
महादेवी पूर्व क्षेत्रपंचायत सदस्य

PTO

4 ल्वाणी इजरपाठ मोटर मार्ग के प्रथम सर्वे में घवाईधार तोक इसमे सम्मिलित था यहाँ 25 परिवार स्थायी रूप से निवासरत है जबकि वर्तमान में इस तोक को छोड दिया गया।

5 पूर्व मे आरडब्लूडी द्धारा की गयी सर्वे को कुछ व्यक्तियो द्धारा मिलकर बदल दिया गया है जिससे उपरोक्त समस्यायें पैदा हो रही है।

महोदय

सर्वेक्षण दल के द्धारा ग्राम प्रधान, ग्राम सभा के सदस्यो से सर्वेक्षण से पूर्व कोई रायमशवरा नही किया यह सिर्फ कुछ व्यक्तियो के इसारे पर सर्वे दल कार्य कर रहा है हमारी माँग है कि सर्वे की जानकारी ग्राम पंचायत प्रधान को दी जाय ताकि ग्राम प्रधान गॉव के युवा, महिला, बुजुर्ग, वन पंचायत के सदस्यो की संयुक्त टीम के साथ सर्वे टीम को सहयोग प्रदान करे। एव सभी तोको को सम्मिलित करते हुये सर्वे कार्य हो सके। ग्राम पचायत के सदस्यों एंव वन पंचायत से संबधित अनापति प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत की खुली बैठक में तैयार किये जाय।

उपरोक्त बिन्दुओं को जनहित मे विचार करते हुये हम सभी ग्रामवासी निवेदन करते है कि ल्वाणी इजरपाठ मोटर मार्ग के निर्माण मे पुनः सर्वेक्षण हेतू पीएमजीएसवाई को निर्देशित करने की कृपा कीजियेगा

भवदीय

समस्त ग्राम पंचायत ल्वाणी

प्रतिलिपि

1 श्रीमान अधिशासी अभियन्ता पीएमजीएसवाई कर्णप्रयाग को आवश्यक कार्यवाही हेतू प्रेषित

पारसिंह

विमला देवी पूर्व वन पंचायत सरपंच

गौरा देवी

भागीरथी देवी पं. सदस्य

मदनसिंह

खगोती देवी

जौतसिंह

मुन्नी देवी

पार्वती देवी

पुष्पा देवी

बचनसिंह

Beबीता बनीता

प्रधान ग्राम पंचायत ल्वाणी

सरपंच वन पंचायत ल्वाणी

विजयन्ती देवी

नीमा देवी

ज्योति बिष्ट

सीमा बिष्ट

दीपा देवी

कमला देवी

नि.अं. भीमासिंह

नरेन्द्र सिंह वन पंचायत सरपंच

दयाल सिंह